# चाचा ने फावड़े से वार कर भतीजे को उतारा था मौत के घाट

▸ 12 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा, मामूली विवाद में हुई थी हत्या



**उज्जैन।** मुरलीपुरा क्षेत्र में मवेशियों के बाड़े से मिली खून से सनी लाश का मामला हत्या का होना सामने आने के बाद पुलिस में मंगलवार को मामले का खुलासा कर दिया। हत्या में मृतक का चाचा शामिल होना सामने आया है। मामूली विवाद होने पर चाचा ने फावड़े से हमला कर हत्या की थी।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि सोमवार देर शाम मुरलीपुरा में रहने वाला मुकेश पिता कैलाश नायक 35 साल कैलाश मवेशियों के बारे में मिली थी। मुकेश मुरलीपुरा में रहने वाले सुभाष रायकवार के खेत पर मवेशियों के बाड़े में काम करता था। जिसके साथ चाचा मनोहर भी हाली के रूप में कार्यरत था। दोनों का खाना सुभाष के घर से आता था। दोपहर में मुकेश खाना लेकर आया था। चाचा के साथ खाना खाने के बाद शाम को सुभाष रायकवार मवेशियों के तबेले पहुंचा तो देखा कि मवेशियों को नहीं खोला गया है। बाहर उसे मनोहर घूमता हुआ मिला जिसने चाय पीने के रुपए मांगे और सुभाष से लेकर चला गया। सुभाष बाड़े में गया तो उसने मुकेश को खाट पर पड़ा देखा जो खून से सना हुआ था। कुछ देर बाद ही मनोहर लौट आया। जिससे पूछताछ की गई तो उसने कहा कि वह तो चाय पीने गया था। मुकेश की हत्या का संदेह मनोहर पर होते ही उसे पकड़ा गया और पुलिस को सूचना दी गई। तत्काल ही पुलिस घटना स्थल पहुंची। इस दौरान मृतक मुकेश का भाई लखन भी घटना स्थल पर आ गया था। पुलिस ने मनोहर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। जानकारी सामने आई है कि खाना खाने के बाद दोनों के बीच काम को लेकर विवाद हुआ था और मनोहर ने अपने ही भतीजे की फावड़े से वार कर हत्या कर दी थी। थाना प्रभारी के अनुसार चंद घंटे में मामले का खुलासा होने पर मनोहर के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया और घटनास्थल से खून लगा फावड़ा बरामद कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

## सूरत से मुरैना की यात्रा कर रहे युवक की मौत

उज्जैन। बस में सूरत से मुरैना की यात्रा कर रहे युवक की तबीयत बिगड़ गई। उसे इंगोरिया में उतारा गया और स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां से उज्जैन रैफर किया गया लेकिन रास्ते में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मुरैना के महुआ में रहने वाला मोनू पिता हरवीरसिंह 40 साल सूरत में एम्बॉयडरी मशीन का काम करता था। सोमवार को बस से मुरैना लौट रहा था। रास्ते में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसके साथ मुरैना का रहने वाला युवक था। उसने इंगोरिया में बस से उतारा और लोगों की मदद से स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचा। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। रात 8 बजे के लगभग चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण किया तब तक सांसे थम चुकी थी। आशंका जताई गई है कि युवक को दिल का दौरा पड़ा था। मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई है।

# आधी रात को चरक अस्पताल में जमकर तोड़फोड़

▸ एंबुलेंस आने में देरी होने पर घटनाक्रम सामने आया है, पुलिस पहुंची मौके पर



**उज्जैन।** चरक अस्पताल में सोमवार मंगलवार का रात में दो घायलों के परिजनों ने जमकर हंगामा किया और तोड़फोड़ की। एंबुलेंस आने में देरी होने पर घटनाक्रम सामने आया है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से मामले की शिकायत पुलिस को की गई है। कोतवाली पुलिस अस्पताल में तोड़फोड़ करने वालों की पहचान के प्रयास कर रही ।

चरक भवन स्टाफ ने बताया कि रात 1 बजे के लगभग कार्तिक मेला ग्राउंड की ओर से दुर्घटना में घायल दो युवकों को कुछ लोग अस्पताल लेकर पहुंचे थे। दोनों का इमरजेंसी में उपचार शुरू किया जाता उससे पहले ही घायलों से जुड़े परिवार के कई लोग आ गए। दोनों को इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। एक एंबुलेंस आने पर एक घायल को रवाना किया गया। दूसरे घायल को भेजने के लिए एंबुलेंस का इंतजार किया जा रहा था। जिसके आने में देरी होते ही घायलों के साथ आए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया और आरोप लगाते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दी। हंगामा करने वालों की संख्या काफी अधिक थी उन्होंने इमरजेंसी में गेट के कांच फोड़ दिए। तोड़फोड़ और हंगामे की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। पुलिस अस्पताल पहुंची इससे पहले ही तोड़फोड़ करने वाले भाग निकले। दूसरे घायल को भी रवाना किया गया। लेकिन इससे पहले उन्होंने एंबुलेंस में भी तोड़फोड़ कर दी। कोतवाली पुलिस द्वारा अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से घायल और तोड़फोड़ करने वालों की जानकारी जुटा रही है। उसके बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

## एक नजर में



### एक माह तक चलेगी भागवत कथा

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी अवंतिका में क्षीर सागर स्थित शेषनारायण मंदिर प्रांगण में 17 मई से भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। अधिक मास के इस पवित्र अवसर पर 15 जून तक चलने वाले धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु प्रतिदिन प्रसिद्ध कथावाचक एवं ज्योतिषाचार्य पं. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के श्रीमुख से कथा का श्रवण कर रहे हैं। एक माह तक चलने वाली इस कथा में अधिक मास के दौरान भगवान विष्णु के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन एवं उनकी लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। कथा के प्रारंभ में पं. शुक्ला द्वारा श्रद्धालुओं को अधिक मास के विशेष महत्व से अवगत कराया गया। इसके साथ ही उन्होंने तीर्थ नगरी अवंतिका में स्थित नौ नारायण, 84 महादेव एवं सप्त सागर की कथाओं का वर्णन करते हुए उनका पौराणिक महत्व भी समझाया। पं. शुक्ला ने बताया कि सनातन धर्म की दिव्य परंपराओं में पुरुषोत्तम मास का विशेष और अद्वितीय महत्व है। यह मास केवल एक अतिरिक्त कालखंड नहीं, बल्कि भगवान श्रीहरि विष्णु की अनंत कृपा का प्रतीक है। जब समय के गणना चक्र में असंतुलन उत्पन्न होता है, तब यह पवित्र मास प्रकट होकर धर्म और साधना के मार्ग को सुदृढ़ करता है। उल्लेखनीय है कि पं. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के परिवार द्वारा अधिक मास के दौरान पीढ़ियों से शेषनारायण मंदिर में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के दौरान प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु शेषनारायण मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन के साथ ही कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।




### शिप्रा तीर्थ परिक्रमा को लेकर बैठक सम्पन्न

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना के अनुरूप पिछले 22 वर्षों से आयोजित की जा रही शिप्रा तीर्थ परिक्रमा को लेकर भाजपा राजा भाऊ महाकाल मंडल की बैठक भाजपा लोकशक्ति कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में परिक्रमा की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आयोजन के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम सभापति कलावती यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन, नगर उपाध्यक्ष कल्याण शिवहरे, रूप पमनानी, मुकेश यादव, सचिन सक्सेना, कुलदीप पांचाल सहित मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के माध्यम से धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। साथ ही आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी कार्यकर्ताओं को सौंपी गईं। जानकारी भाजपा राजा भाऊ महाकाल मंडल मीडिया प्रभारी अजहरुद्दीन शाह ने दी।



### नि:शुल्क तैराकी प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**उज्जैन।** शहर के देवास रोड स्थित तरणताल पर नि:शुल्क तैराकी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हो गया है। तैराकी संघ उज्जैन संभाग, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नगर पालिका निगम उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 30 मई तक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का शुभारंभ प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाले ने विधि-विधान से पूजन संपन्न कराकर किया। तैराकी संघ उज्जैन संभाग के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक शहर के खिलाड़ियों को तैराकी का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में कोच हरीश शुक्ला, प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान, अश्विन टाटावत और दीपक जैन के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को तैराकी की बारीकियां और तकनीकी गुर सिखाए जा रहे हैं।

### ऑपरेशन कचरा.....कचरे ने उगला अपना पता



**उज्जैन।** नगर में अब खुले में कचरा फेंकना हुआ मुश्किल, क्योंकि नगर निगम उज्जैन एवं आईईसी एजेंसी फीडबैक फाउंडेशन की सतर्क निगाहें हर गली-मोहल्ले पर है। मंगलवार को वार्ड क्रमांक 45 में सघन निगरानी अभियान के दौरान श्रीराम फाइनेंस से संबंधित कचरे की पहचान की गई। जिस पर निगम द्वारा 2000 की चालानी कार्रवाई की गई। नागरिकों से अपील है कि गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग कर निर्धारित कचरा कलेक्शन वाहन में ही डालें। राहगीरों के लिए कमर्शियल क्षेत्र में लिटरबीन लगे हुए हैं उसमें ही डाले, कचरा खुले में अथवा

# नकाबपोशों ने किया किन्नरों पर हथियारों से हमला

▸ एक गंभीर घायल, 3.50 लाख रुपए के आभूषण लूटने का आरोप



**उज्जैन। उन्हेल के नई दिल्ली में रात 11 बजे नकाबपोशों ने घर में घुसकर दो किन्नरों पर हथियारों से हमला कर दिया। एक को गंभीर हालत में उज्जैन लाया गया। घायल किन्नर ने लूट का आरोप लगाया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

आज सुबह उन्हेल से किन्नर कविता गुरु शकीला को उन्हेल से घायल हालत में उज्जैन चरक अस्पताल रेफर किया गया है। गंभीर घायल कविता ने बताया कि वह उन्हें स्थित नई दिल्ली में अपनी सेवक मिस्टी के साथ रहती है। रात 11 बजे के लगभग तीन नकाबपोश घर में घुस आए थे जिन्होंने तलवार और डंडे से हमला किया। उन्होंने मुझे मारपीट करने के बाद कमरे में बंद कर दिया और मिस्टी को बंधक बनाते हुए 3.50 लाख रुपए नगद, एक मंगलसूत्र और चांदी की पायजेब लूट कर ले गए। मिस्टी का उपचार उन्हेल में चल रहा है। किन्नर कविता ने बताया कि हमलावरों ने नकाब बांध रखा था। जिसके चलते वह उन्हें पहचान नहीं पाई है।

मामले में उन्हेल थाना प्रभारी संतोष चौहान का कहना था कि उन्हें किन्नरों के साथ मारपीट की सूचना मिली है। लूट की घटना स्पष्ट नहीं हो पाई है। फिलहाल दोनों घायल किन्नरों का उपचार चल रहा है। दोनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जाएगी। फिलहाल नकाबपोशो का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे हैं जांच के बाद ही किन्नरों के साथ हुई मारपीट का मामला स्पष्ट हो पाएगा।

## कर्मचारी संघ कल चलाएगा सफाई अभियान

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत गुरुवार, 21 मई को नगर निगम के कर्मचारी विशेष सफाई अभियान चलाएंगे। यह अभियान सुबह 8.30 बजे से हरसिद्धि माता मंदिर और शेर चौराहा क्षेत्र में शुरू होगा। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध नगर निगम के तीन प्रमुख संगठनों- स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ और सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में यह श्रमदान किया जाएगा। तीनों कर्मचारी संघों के संरक्षक रामचंद्र कोरट और अन्य पदाधिकारियों ने नगर निगम के सभी कर्मचारियों से अपील की है कि वे इस स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं।

## 445 वैष्णवों ने ली धर्म और सेवा की शपथ

▸ वल्लभ वैष्णव मंडल के नवगठित मुख्य, युवा और महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**उज्जैन।** वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बड़ौदा वाले अलंकार बाबा की ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। सुरभि गार्डन में आयोजित मुख्य समारोह में 445 वैष्णवों ने सेवा कार्य करने और धर्म के पथ पर चलने की शपथ ग्रहण की।

संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में शाम को महाप्रभु जी की बैठक से अलंकार बाबा की शोभायात्रा शुरू हुई। बैंड बाजे और बग्गी के साथ निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु नृत्य करते हुए सुरभि गार्डन पहुंचे। यहां महाराज जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके बाद पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन और वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी संस्थापक विट्ठल नागर ने दी। समारोह में महाराज जी ने सर्वप्रथम वर्किंग कमेटी को शपथ दिलाई। इसके बाद तीनों मंडलों के 445 वैष्णवों को वैष्णव संप्रदाय के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दिलाया गया। शपथ ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से विट्ठल नागर, आनंद पुरोहित, दीपक राजवानी, राजेंद्र शाह, हेतल शाह, विशाल नीमा और अमित नागर शामिल रहे। समारोह में जयेश श्रॉफ, निरंजन माहेश्वरी, नितिन शाह, सिद्धेश्वर दास व सुदेश नीमा, सचिव मनीष नागर, सहसचिव बालकृष्ण नीमा, कोषाध्यक्ष दीपेश शाह, सह कोषाध्यक्ष पवन त्रिपाठी, जन्मदिवस समिति में सुनील नीमा, वैवाहिक वर्षगांठ समिति में बसंत नागर और रजिस्ट्रेशन समिति में रविंद्र मूले को शपथ दिलाई गई।

# मालवीय की बढ़ी चिंता, विधायक पर गंभीर आरोप, महाकाल पार्किंग की जमीन की खरीद फरोख्त का



**उज्जैन। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर से जुड़ी भूमि को लेकर नया विवाद सामने आया है। आलोट से भाजपा चिंतामणि मालवीय पर मंदिर परिसर के समीप स्थित सरकारी भूमि के कथित रूप से निजी स्वामित्व में हस्तांतरण कराने के आरोप लगाए गए हैं। इस मामले की शिकायत लोकायुक्त, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों से की गई है। साथ ही मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में जनहित याचिका भी दायर की गई है।**

**कांग्रेस पार्षद ने लगाया आरोप**

-कांग्रेस पार्षद राजेंद्र कुवाल ने आरोप लगाया है कि महाकाल मंदिर की पार्किंग के रूप में उपयोग में आने वाली लगभग 45 हजार वर्गफीट सरकारी भूमि के राजस्व अभिलेखों में कथित रूप से परिवर्तन कर उसे निजी भूमि के रूप में दर्शाया गया।

▸ कांग्रेस पार्षद ने की शिकायत, मध्य प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज

### यह है शिकायत-विधायक ने ली प्रेस कॉन्फ्रेंस

शिकायत के अनुसार खसरा क्रमांक 3664/1 और 3666/1 वर्ष 1950 तथा 1967-68 के रिकॉर्ड में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज थे। बाद में इसी भूमि का 2 मार्च 2026 को लगभग 3 करोड़ 82 लाख रुपए में विक्रय किया गया। मामले में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक ने स्पष्ट किया है कि संबंधित पार्किंग भूमि नगर निगम के स्वामित्व में है। वहीं शिकायतकर्ता ने इस पूरे प्रकरण की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। दूसरी ओर विधायक चिंतामणि मालवीय ने प्रेस वार्ता आयोजित कर सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भूमि का क्रय-विक्रय वैधानिक दस्तावेजों और निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप हुआ है। उनके अनुसार राजनीतिक उद्देश्य से तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है और जांच में सच्चाई स्वत: सामने आ जाएगी। महाकाल मंदिर क्षेत्र से जुड़ी इस भूमि को लेकर उठे विवाद ने राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज कर दी है। अब सभी की निगाहें जांच एजेंसियों और न्यायालय की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

### विधायक मालवीय का नाम कंपनी में शामिल

शिकायत में यह भी कहा गया है कि भूमि खरीदने वाली यूटोपिया बोटल एंड रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों और भागीदारों में विधायक चिंतामणि मालवीय का नाम भी शामिल है। आरोप है कि व्यावसायिक उपयोग वाली भूमि को कृषि भूमि बताकर कम दर पर पंजीयन कराया गया, जिससे स्टांप शुल्क और रजिस्ट्री मूल्यांकन में अनियमितता हुई। शिकायतकर्ता का दावा है कि कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार भूमि का मूल्य इससे कहीं अधिक होना चाहिए था।

# पांच दिवसीय नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर आज से

▸ जड़ी-बूटियों से होगा जटिल रोगों का उपचार, 20 से 24 तक चलेगा शिविर

**उज्जैन।** क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में 20 से 24 तारीख तक पांच दिवसीय नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जायसवाल धर्मशाला में आयोजित होने वाले इस शिविर में जबलपुर के प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य परामर्श देंगे।

मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर वैद्य जायसवाल पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से सेवाएं दे रहे हैं। शिविर में मुख्य रूप से उन मरीजों का उपचार किया जाएगा जो पुराने और असाध्य रोगों से लंबे समय से परेशान हैं और जिन्हें अन्य जगह लाभ नहीं मिल पा रहा है। शिविर की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यहां बिना किसी सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालने का कार्य भी किया जाता है। यह शिविर हर महीने की 20 से 24 तारीख तक उज्जैन में नियमित रूप से लगाया जाता है। मरीज अपनी जांच और परामर्श के लिए सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक शिविर स्थल पर पहुंच सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9755703571, 9422869113 और 9300644113 पर संपर्क किया जा सकता है।

### इन बीमारियों का होगा आयुर्वेदिक इलाज

शिविर में लीवर और किडनी की समस्या, पथरी, बवासीर, भगंदर, साइटिका, दमा, थायराइड, मिर्गी, माइग्रेन, लकवा और कैंसर जैसे गंभीर रोगों का इलाज प्राचीन जड़ी-बूटियों द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया वात, चर्म रोग, सफेद दाग, मोटापा, गुप्त रोग, नि:संतानता और महिलाओं से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए भी आयुर्वेदिक औषधियां प्रदान की जाएंगी। बच्चों की स्मरण शक्ति और आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए भी विशेष दवाएं उपलब्ध रहेंगी।

## परियोजना स्थापित करने की घोषणा

**उज्जैन।** वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्र पर केंद्रित नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता कंपनी ओइस्टर रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड और डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड ने आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में 31.6 मेगावाट की सौर-पवन हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना स्थापित करने की घोषणा की। यह ओइस्टर रिन्यूएबल के बड़े पैमाने पर चल रहे औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन प्रोजेक्ट्स के बढ़ते पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ओइस्टर रिन्यूएबल द्वारा लगभग 270 करोड़ के निवेश से विकसित की जा रही इस परियोजना में 21.6 मेगावाट पवन ऊर्जा और 10 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता को शामिल किया गया है। एक ही स्थान पर स्थित यह हाइब्रिड सेटअप औद्योगिक खपत के लिए अधिक स्थिर और संतुलित नवीकरणीय ऊर्जा प्रोफाइल सुनिश्चित करता है। इस परियोजना के 2027 में चालू होने की उम्मीद है। इस विकास पर विचार व्यक्त करते हुए, ओइस्टर रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ, सिद्धार्थ भाटिया ने कहा यह परियोजना भारत के औद्योगिक क्षेत्र के लिए बड़े पैमाने पर हाइब्रिड एसेट्स (परिसंपत्तियां) प्रदान करने के ओइस्टर रिन्यूएबल के ट्रैक रिकॉर्ड में एक महत्वपूर्ण जुड़ाव है। हम डालमिया सीमेंट के साथ इस साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं, जो वैश्विक सीमेंट क्षेत्र में सबसे कम छह२ उत्सर्जन वाले फुटप्रिंट्स वाली कंपनियों में से एक है।

# निगम की व्यवस्था से श्रद्धालु खुश

▸ अधिकमास को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा सप्तसागरों पर की गई विशेष व्यवस्थाएं

**उज्जैन। रविवार 17 मई से अधिकमास का पर्व प्रारंभ हो गया है। जो कि एक माह 15 जून तक रहेगा। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा सप्तसागरों, नौ नारायण एवं 84 महादेव मंदिरों पर विशेष पूजन अर्चन किया जाएगा।**

इसी क्रम में महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम अध्यक्ष कलावती यादव की मंशा अनुसार निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम द्वारा सप्तसागरों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। जिसमें छायादार टेंट, शामियाने लगाए गए हैं। जिससे कि यहां आने वाले श्रद्धालु सुविधाजनक रूप से पूजन कर सकें। श्रद्धालु निगम ने की गई व्यवस्थाओं से भी संतुष्ट नजर आए। साथ ही निगम आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिकमास के पर्व को ध्यान में रखते हुए सप्तसागरों के साथ-साथ अन्य धार्मिक स्थलों पर भी सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो इस बात का ध्यान रखें। इसी के साथ श्रद्धालुओं से भी निवेदन किया गया कि उज्जैन शहर की सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सप्तसागरों पर गंदगी नहीं करें और निर्धारित स्थल पर ही पूजन सामग्री विसर्जित करें।

**महाकाल मंदिर में** ▸ सभामंडप व कोटितीर्थ कुंड के पास की घटना, सुरक्षा गार्डों कैसी ड्यूटी कर रहे

# मंदिर में घूम रहे आवारा कुत्ते, श्रद्धालुओं के बाद अब कर्मचारी को काटा

**उज्जैन। महाकाल मंदिर में आवारा कुत्ते खुले आम घूम रहे हैं। पहले श्रद्धालुओं को कुत्तों ने शिकार बनाया था। अब मंगलवार को एक कुत्ते ने मंदिर परिसर में काम कर रही महिला कर्मचारी को ही पैर में काट लिया। बाद में उसे इलाज के लिए ले गए। सवाल यह है कि मंदिर में इतने सारे सुरक्षा गार्ड तैनात रहते हैं तो वे क्या ड्यूटी कर रहे क्या कुत्तों को भगा नहीं सकते।**

महिला मंदिर के सभामंडप के पास ही कोटितीर्थ कुंड के किनारे काम कर रही थी। इसी दौरान कुत्ते ने उसे काट लिया। वहां मौजूद अन्य लोग भी कुत्ते के डर से इधर-उधर भागने लगे। कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। पंडे-पुजारी भी सभामंडप में मौजूद थे। उनका कहना है कि उक्त कुत्ता दिनभर मंदिर में घूमता है। मंदिर में और भी कुत्ते हैं जो श्रद्धालुओं को भी काट चुके हैं। सुरक्षा एजेंसी क्या ड्यूटी कर रही है यह जांच का विषय है।

### मंत्री पहुंचे महाकाल

मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री विश्वास सारंग ने मंगलवार को उज्जैन में ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल के दर्शन लाभ लिए। उन्होंने नंदीहाल में बैठकर ध्यान लगाया और बाबा का आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सारंग का स्वागत किया गया। 000जर्मनी, अमेरिका, जापान, रूस, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत, अटलांटिक, आर्कटिक और अंटार्कटिका के हिस्सों में देखा जा सकेगा।

